Adda247

परीक्षा दिनांक - 15-9-21
" समय - 10:00 AM to 12:00 NOON

GET IT ON Google Play

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Pages in Booklet : 12

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
No. of Questions in Booklet : 100

**Paper Code : 03**

**Sub: HINDI**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No.

**1655869**

# ISP-12

## Paper - I

**समय : 2.00 घण्टे**
**Time : 2.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**40,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**500+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

DOWNLOAD NOW

Adda247

1. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए हैं ?
(1) विद्‌वता
(2) कुसुमित
(3) आर्थिक
(4) आधिपत्य

2. किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है?
(1) मानवता
(2) विवशता
(3) सुन्दरता
(4) मित्रता

3. 'ईय' प्रत्यय से रहित शब्द है
(1) राष्ट्रीय
(2) भवदीय
(3) माननीय
(4) भारतीय

4. किस शब्द में 'दान' प्रत्यय प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) इत्रदान
(2) रक्तदान
(3) खानदान
(4) कलमदान

5. किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) प्रकृति
(2) प्रत्यूष
(3) प्रज्वलित
(4) प्रख्यात

6. किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) छिद्र, सौ
(2) सच, ग्राम
(3) आधा, काम
(4) मस्तक, श्वास

7. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है :
(1) माँ
(2) मुख्य
(3) मनुष्य
(4) वानर

8. कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(1) भंडार
(2) कुक्कुर
(3) घर
(4) कंगन

9. निम्नलिखित में देशज शब्द है :
(1) नुक्कड़
(2) लंगोट
(3) मखौल
(4) चमगादड़

10. किस विकल्प में सभी शब्द विदेशी मूल के हैं ?
(1) मसाला, नमक
(2) आज, चेहरा
(3) कबूतर, आसरा
(4) लालच, कमरा

11. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है :
(1) संजोग
(2) महीना
(3) पड़ोसी
(4) कुटुंब

Adda247
GET IT ON Google Play

12. किस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा के रूप में प्रयुक्त हुई है ?
(1) हमें बुराइयों से दूर रहना चाहिए।
(2) भाषा की भिन्नताओं के बावजूद देशवासी अभिन्न हैं।
(3) लौह पुरुष के दृढ़ संकल्प ने देश को एक सूत्र में बाँधा।
(4) देश को नटवरलालों ने तरह-तरह से ठगा है।

13. अनिश्चयवाचक सर्वनाम से युक्त वाक्य है :
(1) यह मेरी पुस्तक है।
(2) वह कुछ खा रहा है।
(3) कौन जा रहा है ?
(4) जो पढ़ेगा सो पास हो जाएगा।

14. किस वाक्य में पुरुषवाचक सर्वनाम नहीं है ?
(1) सामान कौन लाएगा ?
(2) आप यहाँ बैठिए।
(3) उसमें धैर्य की कमी है।
(4) हम स्कूल जा रहे हैं।

15. विशेषण की उत्तमावस्था का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है ?
(1) यह बहुत सुंदर चित्र है।
(2) मेरा घर उसके घर से छोटा है।
(3) उसे सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए।
(4) मोहन की अपेक्षा सोहन होशियार है।

16. सर्वनाम से निर्मित भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?
(1) कायरता
(2) ईर्ष्या
(3) अहंकार
(4) औचित्य

17. प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है ?
(1) तुम्हें देर तक नहीं सोना चाहिए।
(2) अध्यापक छात्र से कहानी लिखवाता है।
(3) हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए।
(4) उसने मेरे लिए सामान खरीदा।

18. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?
(1) माँ बच्चे को सुलाती है।
(2) चीता तेज़ दौड़ता है।
(3) वह बहुत समय से सो रहा है।
(4) शोरगुल से बच्चा जाग गया।

19. क्रियाविशेषण रहित वाक्य है
(1) वह अचानक चला गया।
(2) मेरी बात ध्यान से सुनो।
(3) नौकर मालिक से खुश रहता है।
(4) वह प्राय: यहाँ आया करते थे।

20. संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है ?
(1) वह मेरे घर के पीछे रहता है।
(2) हमारे शहर के आसपास बहुत हरियाली है।
(3) माँ के बिना घर सूना-सूना लगता है।
(4) यह काम पहले करना चाहिए था।

21. किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण प्रयुक्त हुआ है ?
(1) वे कल जा रहे हैं।
(2) आप तो महान हैं।
(3) कोई आदमी आया था।
(4) वह पुस्तक पढ़ रहा है।

Adda247
GET IT ON Google Play

22. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) शहर भर में यह बात फैल गई ।
(2) वह तो घर पर नहीं है ।
(3) मैं भी आपके साथ चलूंगा ।
(4) मैं घर जा रहा हूँ ताकि आराम कर सकूँ ।

23. निम्नलिखित में 'पवन' का पर्यायवाची नहीं है :
(1) वात
(2) मारुति
(3) अनिल
(4) समीर

24. किस विकल्प में सभी शब्द 'घर' के पर्यायवाची हैं ?
(1) निकेत, निलय
(2) सदन, साकेत
(3) आलय, निकुंज
(4) गृह, भुवन

25. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं है ?
(1) समुद्र, उदधि
(2) चपला, बिजली
(3) चंद्रमा, शशांक
(4) भास्कर, निशाकर

26. विस्मयबोधक अव्ययों के संबंध में कौन सा तथ्य सही नहीं है ?
(1) ये वक्ता के हर्ष, शोक आदि मनोभावों को व्यक्त करते हैं ।
(2) इनके आगे विस्मयबोधक चिह्न लगाया जाता है ।
(3) एक ही विस्मयबोधक शब्द से सभी मनोभावों को सूचित किया जा सकता है ।
(4) ये वाक्य से स्वतंत्र होते हैं ।

27. किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं ?
(1) निषिद्ध – विहित
(2) मसृण – रूक्ष
(3) श्रांत – क्लांत
(4) वैमनस्य – सौमनस्य

28. 'इति-ईति' का सही अर्थ भेद है
(1) पूर्णता – इच्छा
(2) पीड़ा – समापन
(3) प्रारंभ – विश्वास
(4) समाप्ति – दु:ख

29. किन समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ भेद सुसंगत नहीं है ?
(1) आसन – आसन्न = समीपस्थ – बैठने की विधि
(2) पट – पटु = वस्त्र – निपुण
(3) पृष्ट – पृष्ठ = पूछा हुआ – पीठ
(4) गौड़ – गौण = ब्राह्मणों की एक जाति – जो प्रधान न हो

30. किस विकल्प में समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ भेद सुसंगत है ?
(1) कोर-कौर = ग्रास-किनारा
(2) निश्चल-निश्छल = सीधा-स्थिर
(3) सुधि-सुधी = विद्वान-चेतना
(4) परुष-पुरुष = कठोर-नर

31. 'भ्रांत' का विलोम शब्द है –
(1) विभ्रांत
(2) निर्भ्रांत
(3) संभ्रांत
(4) उद्भ्रांत

Adda247 GET IT ON Google Play

32. 'जिसको वश में करना कठिन हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द कौन सा है ?
(1) दुस्तर
(2) दुर्वह
(3) दुर्दांत
(4) दुरूह

33. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?
(1) जो आप से आप उत्पन्न हुआ हो – सहजात
(2) जिसकी विवेक बुद्धि स्थिर हो – स्थितप्रज्ञ
(3) समय पर जिसकी बुद्धि ठीक कार्य करे – प्रत्युत्पन्नमति
(4) जो रोका हुआ न हो – अनिरुद्ध

34. 'दीर्घसूत्री' शब्द किस वाक्यांश के लिए सार्थक है ?
(1) बहुत परिश्रम करने वाला
(2) बहुत सोच-विचार करने वाला
(3) हर एक काम में जरूरत से ज्यादा देर लगाने वाला
(4) जल्दी निर्णय लेने वाला

35. 'मुक्ति पाने का इच्छुक' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है
(1) जिजीविषा
(2) मुमुक्षु
(3) तितिक्षा
(4) मुमूर्षु

36. कौन सा शब्द अशुद्ध है ?
(1) शृंखला
(2) भर्त्सना
(3) पुनर्निर्माण
(4) आद्रता

37. किस विकल्प में कोई भी शब्द शुद्ध नहीं है ?
(1) आनुषंगिक, पदौन्नति
(2) अध्यात्मिक, रात्री
(3) हितेषी, सर्वोपरि
(4) अतिथि, उर्जावान

38. निम्नलिखित शब्दों की शुद्धता पर विचार कीजिए :
अ. आद्योपांत
ब. पश्चात्ताप
स. सहधर्मणी
द. उच्छवास
किस विकल्प में उक्त में से सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) अ और ब
(2) ब और स
(3) स और द
(4) अ और द

39. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?
(1) अभ्यारण्य, निरवलंब
(2) पर्यवसान, विपन्नवस्था
(3) तदुपरांत, प्रत्यावर्तन
(4) दुरावस्था, पुनरावलोकन

40. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है :
(1) अट्टहास
(2) धनाड्य
(3) इकठ्ठा
(4) मुटभेड़

Adda247
GET IT ON Google Play

41. कौन सा शब्द अशुद्ध है ?
(1) उत्तरोतर
(2) बेहतर
(3) विवाहेतर
(4) इतरेतर

42. किस वाक्य में संप्रदान कारक का परसर्ग (विभक्ति चिह्न) प्रयुक्त हुआ है ?
(1) माँ ने बच्चे को बुलाया।
(2) मालिक ने सेवक को धन दिया।
(3) मोहन ने सोहन को पीटा।
(4) न्यायालय ने अपराधी को दंडित किया।

43. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'से' परसर्ग अपादान कारक के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) नदियाँ पहाड़ों से निकलती हैं।
(2) आकाश से पानी बरसा।
(3) वह विद्यालय से आ रहा है।
(4) लड़के ने हाथ से फल तोड़ा।

44. किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
(1) चमक, आहट
(2) बात, खेत
(3) चालचलन, मिठास
(4) भूख, नाच

45. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द है :
(1) अंत्याक्षरी
(2) आल्हाद
(3) किंवदंती
(4) ज्योत्स्ना

46. निम्नलिखित में बहुवचन के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द कौन सा है ?
(1) प्रेम
(2) लोग
(3) घी
(4) पानी

47. एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है
(1) हस्ताक्षर
(2) दर्शन
(3) प्राण
(4) भीड़

48. किस वाक्य में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है ?
(1) अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए।
(2) ऐसे समय में आप साथ न दोगे तो और कौन देगा ?
(3) यह कार्य मैं आप ही कर लूंगा।
(4) आप भला तो जग भला।

49. अपूर्ण वर्तमान काल का उदाहरण है
(1) प्रात:काल ठंडी हवा चलती है।
(2) मैंने यह पुस्तक पढ़ी है।
(3) रेलगाड़ी तेजी से आ रही है।
(4) वह आता तो हम खेलने जाते।

50. कौन सा शब्द पुंलिंग है ?
(1) रोटी
(2) टोपी
(3) मोती
(4) नदी

Adda247 GET IT ON Google Play

51. 'अगर वर्षा हुई तो वह नहीं आएगा ।' इस वाक्य में कौन सी 'वृत्ति' है ?
(1) संकेतार्थ
(2) निश्चयार्थ
(3) संभावनार्थ
(4) इच्छार्थ

52. 'छात्र पढ़ रहे हैं ।' यह वाक्य किस 'पक्ष' से संबंधित है ?
(1) नित्यताबोधक
(2) सातत्यबोधक
(3) आवृत्तिमूलक
(4) पूर्णकालिक

53. 'कर्मवाच्य' से संबंधित वाक्य है
(1) वह पुस्तक पढ़ रहा है ।
(2) सैनिक दिनरात सीमाओं की रक्षा करते हैं ।
(3) बच्चा सो चुका है ।
(4) आपका कार्य कर दिया है ।

54. किस वाक्य में 'भाववाच्य' का प्रयोग हुआ है ?
(1) पुलिस से अपराधी नहीं पकड़े गए ।
(2) लड़के से कविता नहीं लिखी गई ।
(3) बुढ़ापे में ठीक से चला नहीं जाता ।
(4) उससे पुस्तक नहीं पढ़ी गई ।

55. 'वह चला होगा ।' यह वाक्य किस काल से संबंधित है ?
(1) सामान्य भूत
(2) संभाव्य भविष्यत्
(3) संदिग्ध वर्तमान
(4) संदिग्ध भूत

56. निम्नलिखित में 'सरल वाक्य' कौन सा है ?
(1) उसके पास जो कुछ था, सब नष्ट हो गया ।
(2) जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं ।
(3) उसने खाना खाया और सो गया ।
(4) गंगा हिमालय से निकलती है ।

57. 'संयुक्त वाक्य' का उदाहरण है
(1) जहाँ खेत थे, वहाँ शहर बस गया ।
(2) बस छूट जाने के कारण मैं गाँव नहीं गया ।
(3) मैं अस्वस्थ था, इसलिए मन लगाकर नहीं पढ़ सका ।
(4) वह धन के अभिमान में अकड़कर चलता है ।

58. 'क्रियाविशेषण उपवाक्य' का उदाहरण है
(1) जो लोग साहसी होते हैं, वे सफल होते हैं ।
(2) यदि तुम चलते तो, मैं भी अवश्य चलता ।
(3) वह धनवान है, परंतु बहुत दुखी है ।
(4) वह ईमानदार है, इसलिए सबका विश्वस्त है ।

59. निम्नलिखित में 'संज्ञा उपवाक्य' कौन सा है ?
(1) पड़ोसी ने कहा कि मुझे दवाई की जरूरत नहीं ।
(2) साधारण होते हुए भी वह बहुत व्यवहारकुशल है ।
(3) जैसा तुमने कहा, उसने वैसा ही किया ।
(4) साँझ होते ही पक्षी घोंसलों में लौट आते हैं ।

60. 'बीमार व्यक्ति खाना धीरे-धीरे खाता है ।' इस वाक्य का 'उद्देश्य' है
(1) बीमार व्यक्ति
(2) खाना
(3) धीरे-धीरे
(4) खाता है

Adda247
GET IT ON Google Play

61. निम्नलिखित में 'संदेहार्थक' वाक्य कौन सा है ?
(1) वह नहीं आया इसलिए हम नहीं गए ।
(2) जो काम तुम्हें दिया गया है, उसे देखो ।
(3) आज शाम को शायद वर्षा हो ।
(4) वह जहाँ रहे, सुख से रहे ।

62. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है :
(1) यह कैसे संभव हो सकता है ?
(2) शायद वह उत्तीर्ण हो जाए ।
(3) किसी और से सलाह लीजिए ।
(4) सप्रमाण उत्तर दीजिए ।

63. कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(1) वह घर को जा रहा है ।
(2) उसे रस्सी बांधकर ले गए ।
(3) संसद में कानून व्यवस्था पर बहस हुई ।
(4) यह दवा रोग को समूल से नष्ट करती है ।

64. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :
(1) दोनों भाई परस्पर आपस में लड़ पड़े ।
(2) मैंने यह घड़ी मात्र सौ रुपए में खरीदी ।
(3) वहाँ बहुत से लोग बेहाल दशा में पड़े थे ।
(4) वह क्रोध में भरकर बोला ।

65. 'यदि परिश्रम किया होता, तो सफलता अवश्य मिलती ।' 'वाक्य प्रकार' की दृष्टि से उक्त वाक्य है –
(1) इच्छार्थक
(2) विधानार्थक
(3) आज्ञार्थक
(4) संकेतार्थक

66. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(1) दरअसल वह आया ही नहीं ।
(2) प्राय: बच्चे ऐसी शरारतें अकसर करते हैं ।
(3) यह मूर्ति संगमरमर पत्थर से निर्मित है ।
(4) वह सबके सामने खुलेआम गाली देता रहा ।

67. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है :
(1) हम सबकी स्थितियाँ एक जैसी हैं ।
(2) वह प्रतिदिन मुझसे मिलने आता था ।
(3) सर्वत्र मानकीकरण करना होना चाहिए ।
(4) उन्होंने मेरी बातें ध्यानपूर्वक सुनीं ।

68. किस वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग सही है ?
(1) तुम कहाँ गए थे, कैसे आए और क्या चाहते हो ?
(2) नहीं मैं, यह नहीं कर सकता ।
(3) रोको, मत जाने, दो ।
(4) जो, दंगा कर रहे थे गिरफ्तार, कर लिए गए ।

69. किस वाक्य में सही विराम चिह्न प्रयुक्त नहीं हुए हैं ?
(1) गाँधी जी ने कहा, "सत्य ही ईश्वर है ।"
(2) छि: ! कैसी दुर्गंध आ रही है ?
(3) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की 'जूही की कली' एक प्रसिद्ध रचना है ।
(4) दिशाएँ चार होती हैं – पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण ।

70. कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(1) मैं, तुम, और वह खेलेंगे ।
(2) आप मुझपर भरोसा कर सकते हैं ।
(3) वे आत्मसम्मान की रक्षा करना चाहते हैं ।
(4) आप और मैंने मिलकर उसकी सहायता की ।

Adda247
GET IT ON Google Play

71. 'सोने में सुगंध होना' मुहावरे का उपयुक्त भावार्थ है
(1) किसी बहुत बढ़िया चीज में और अधिक विशेषता होना ।
(2) असंभव लगने वाले काम का सहजता से हो जाना ।
(3) सोने की गुणवत्ता बढ़ जाना ।
(4) मनोवांछित सफलता अर्जित करना ।

72. 'अधिकार या अवसर पाकर मनमाना अंधेर करना', भावार्थ व्यक्त करने वाला मुहावरा है –
(1) आँखों में धूल झोंकना
(2) हवाई किले बनाना
(3) हाथ कंगन को आरसी क्या
(4) चाम के दाम चलाना

73. 'अब तक पिता की कमाई पर ऐश करते रहे, जब खुद कमाना पड़ेगा तो ..... ।'
उक्त वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए किस मुहावरे का प्रयोग उचित रहेगा ?
(1) हाथ पर हाथ रखकर बैठना
(2) दाने-दाने को मोहताज होना
(3) आटे-दाल का भाव पता चलना
(4) हाथ धोकर पीछे पड़ जाना

74. विराम चिह्नों के प्रयोग से संबंधित कौन सा विवरण सही नहीं है ?
(1) किसी के महत्त्वपूर्ण वचन उद्धृत करने के लिए अवतरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है ।
(2) किसी संज्ञा को संक्षेप में लिखने के लिए लाघव/संक्षेपक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ।
(3) द्वंद्व समास के पदों के मध्य प्राय: योजक चिह्न लगाया जाता है ।
(4) लिखने में जब कोई शब्द छूट जाता है, तब उसके स्थान पर कोष्ठक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ।

75. 'न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी' लोकोक्ति का भावार्थ है
(1) किसी को उसी की चाल से हराना
(2) आश्रयदाता पर ही रोब जमाना
(3) समस्या को जड़ से मिटाना
(4) विपक्षी से बढ़कर कौशल दिखाना

76. 'घर के योग्य व्यक्ति की उपेक्षा कर अन्य को सम्मान देना' भावार्थ से संबंधित लोकोक्ति है
(1) धोबी का कुत्ता, घर का न घाट का
(2) घर का जोगी जोगणा, आन गाँव का सिद्ध
(3) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद
(4) घर की मुर्गी दाल बराबर

77. किस लोकोक्ति का भावार्थ सही नहीं है ?
(1) गुड़ खाए, गुलगुलों से परहेज – बनावटी परहेज
(2) ओस चाटे प्यास नहीं बुझती – कृपण व्यक्ति सबकुछ होते हुए भी भूखा ही रहता है
(3) कौओं के कोसे ढोर नहीं मरते – बुरे आदमी की बद्दुआ से कुछ नहीं होता
(4) हाथी का बोझ हाथी ही उठाता है – बड़ा काम बड़े ही कर सकते हैं

78. किस विकल्प में मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?
(1) छाती पर साँप लोटना – घोर ईर्ष्या होना
(2) अपना-सा मुँह लेकर रह जाना – लज्जित होकर रह जाना
(3) उड़ती चिड़िया पहचानना – अत्यंत कठिन कार्य करना
(4) कान पर जूँ न रेंगना – तनिक भी असर न पड़ना

Adda247
GET IT ON Google Play

79. 'Cognizable offence' का सही पारिभाषिक है –
(1) संज्ञेय अपराध
(2) क्षमायोग्य अपराध
(3) अक्षम्य अपराध
(4) जघन्य अपराध

80. किस विकल्प में हिन्दी पारिभाषिक रूप सही नहीं है ?
(1) Good faith = सद्भाव
(2) Punitive = दंडात्मक
(3) Bad conduct = दुर्व्यवहार
(4) Attachment = कुर्की

81. किस विकल्प में हिन्दी पारिभाषिक रूप सही है ?
(1) Minutes = कार्य योजना
(2) Sub judice = न्यायाधीन
(3) Vigilance = सतर्क
(4) Moral obligation = नैतिक समर्थन

82. 'Supersede' का हिंदी पारिभाषिक है
(1) अतिक्रमण करना
(2) अधिग्रहण करना
(3) अधिगमन करना
(4) अधिक्रमण करना

83. 'बुरी संगत का फल बुरा ही होता है' – इस आशय के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है
(1) चोर की दाढ़ी में तिनका
(2) कोयले की दलाली में हाथ काले
(3) चोर चोरी से जाए हेराफेरी से न जाए
(4) खून सिर चढ़कर बोलता है

84. निम्नलिखित में असंगत हिन्दी पारिभाषिक है :
(1) Perjury = शपथपूर्वक
(2) Wilful = जानबूझकर
(3) Personnel = कार्मिक
(4) Deponent = अभिसाक्षी

85. कौन सा शब्द 'Award' का हिंदी समकक्ष नहीं है ?
(1) पंचाट
(2) अधिनिर्णय
(3) ग्रहण करना
(4) पुरस्कार

86. 'Temperamental' का सही पारिभाषिक है
(1) स्थितप्रज्ञ
(2) तुनकमिज़ाज
(3) भुलक्कड़
(4) खुशमिज़ाज

87. 'Record' का सही पारिभाषिक नहीं है
(1) अभिलेख
(2) कीर्तिमान
(3) दर्ज करना
(4) सूचित करना

88. निम्नलिखित में 'Return' का हिंदी पारिभाषिक नहीं है :
(1) पुनरीक्षण
(2) निर्वाचित करना
(3) प्रतिफल
(4) विवरणी

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

89. किस शब्द की संधि सही नहीं है ?
(1) सत् + मति = सन्मति
(2) षट् + वदन = षडवदन
(3) तृष् + ना = तृष्णा
(4) स्व + छंद = स्वच्छंद

90. 'अभीष्ट' का सही संधि विच्छेद है :
(1) अभि + इष्ट
(2) अभि + ईष्ट
(3) अभी + इष्ट
(4) अभी + ईष्ट

91. संधि विच्छेद की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही नहीं है ?
(1) मतैक्य = मत + ऐक्य
(2) ऊहापोह = ऊह + अपोह
(3) अन्वीक्षण = अनु + ईक्षण
(4) विवादास्पद = विवाद + अस्पद

92. निम्नलिखित में गलत संधि विच्छेद है :
(1) निषेध = नि + सेध
(2) पद्धति = पद् + हति
(3) जगदीश = जगत + ईश
(4) प्रतिष्ठा = प्रति + स्था

93. किस शब्द का संधि विच्छेद सही है ?
(1) सदाचार = सदा + आचार
(2) पित्राज्ञा = पित्र + आज्ञा
(3) स्वल्प = स्व + अल्प
(4) चिदाभास = चित् + आभास

94. किस शब्द की संधि सही है ?
(1) गुरु + उपदेश = गुरुपदेश
(2) उपरि + उक्त = उपरोक्त
(3) मही + इंद्र = महींद्र
(4) मातृ + इच्छा = मातृच्छा

95. किस विकल्प के सभी शब्द संप्रदान तत्पुरुष समास के उदाहरण हैं ?
(1) रसोईघर, देशभक्ति
(2) गुरुभाई, आशातीत
(3) राहखर्च, देश निकाला
(4) पदच्युत, रोकड़बही

96. किस शब्द में द्वंद्व समास नहीं है ?
(1) बोलचाल
(2) तैंतालीस
(3) भलामानस
(4) लेनदेन

97. 'चंद्रमौलि' शब्द में कौन सा समास है ?
(1) तत्पुरुष
(2) अव्ययीभाव
(3) द्वंद्व
(4) बहुव्रीहि

98. एकाधिक उपसर्गों से निर्मित शब्द है :
(1) व्यवहार
(2) आलोचना
(3) परियोजना
(4) अधिनायक

99. निम्नलिखित में कौन सा शब्द उपसर्ग रहित है ?
(1) आस्था
(2) आहत
(3) आस्तिक
(4) आपदा

100. 'यावज्जीवन' सामासिक पद में कौन सा समास है ?
(1) तत्पुरुष
(2) अव्ययीभाव
(3) कर्मधारय
(4) द्वंद्व



Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

Adda247